राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# महाराणा प्रताप जयन्ती पर राज्यपाल की शुभकामनाएं

जयपुर, 21 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने महाराणा प्रताप जयन्ती (22 मई) के अवसर पर देश और प्रदेश वासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं ।

राज्यपाल श्री मिश्र ने महाराणा प्रताप को श्रद्धा नमन करते हुए उनके शौर्य, पराक्रम, अटूट देशभक्ति, धर्मनिष्ठा और त्याग को स्मरण किया। महाराणा प्रताप ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर मातृभूमि की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए मुगलों से सतत संघर्ष किया।

राज्यपाल ने महाराणा प्रताप के जीवन एवं कृतित्व से प्रेरणा लेकर सशक्त, समर्थ और समृद्ध भारत के निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया है।

———————